
॥ ॐ श्री सद्‌गुरु देवाय नमः॥ ॥ ओ३म् ॥ ॥ जय माता दी ॥ ॥ उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः ॥ आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ॥
॥ श्री सीताराम ॥ जय बाबा की ॥ श्याम बाबा ॥ ॥ मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्॥ ॥ वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं,श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ॥



केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 161 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦बृहस्पतिवार ♦19 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


**प्रथम शैलपुत्री**



नवरात्र के प्रथम दिन घट स्थापना के साथ मां भगवती के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा का विधान है। इन्हें प्रकृति की देवी भी कहा जाता है।

# देवभूमि के शक्तिपीठों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**कई जगह खराब मौसम और बारिश के बावजूद मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, मां पूर्णागिरि और नैना देवी में लगी लंबी कतार**

देहरादून/नैनीताल/चंपावत (उद संवाददाता)। चैत्र नवरात्र के पावन पर्व के शुभारंभ के साथ ही समूची देवभूमि भक्ति और उत्साह के रंग में सराबोर हो गई है। बृहस्पति वार को प्रथम नवरात्र पर प्रदेश के प्रमुख शक्तिपीठों और सिद्धपीठों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ पड़ा। कहीं पहाड़ों पर बारिश तो कहीं ठंडी हवाओं के बावजूद भक्तों के उत्साह में कोई कमी नजर नहीं आई। टिहरी के सुरकंडा देवी से लेकर चंपावत के पूर्णागिरि धाम तक हर ओर 'जय माता दी' के जयघोष गूंजते रहे। नैनीताल स्थित विश्व प्रसिद्ध माँ नैना देवी मंदिर में सुबह सात बजे अमावस्या समाप्त होने के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना शुरू हुई। खराब मौसम के बाद भी हजारों भक्तों ने कतार बद्ध होकर माता के दर्शन किए। उधर, चंपावत के टनकपुर स्थित मां पूर्णा गिरि धाम में आस्था का महाकुंभ सा नजारा देखने को मिला। यहाँ एक दिन पहले ही श्रद्धालु पहुंच गए थे और रात्रि से ही चढ़ाई शुरू कर (शेष पृष्ठ सात पर)



## उत्तराखण्ड के इन मंदिरों में नवरात्र पर होता है आस्था और मान्यता का संगम

**नैना देवी ( नैनीताल ):** पौराणिक कथाओं के अनुसार, यहाँ माता सती के नेत्र गिरे थे। नैनी झील के किनारे स्थित यह मंदिर भक्तों की अटूट आस्था का केंद्र है, जहाँ मां नैनी रूप में दर्शन देती हैं।

**मां पूर्णागिरि ( चंपावत ):** इसे 51 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। मान्यता है कि यहाँ सती का नाभि अंग गिरा था। नवरात्रों में यहाँ का महत्व कई गुना बढ़ जाता है और लाखों भक्त टनकपुर की पहाड़ियों पर चढ़ाई कर माँ का आशीर्वाद लेते हैं।

**सुरकंडा देवी ( टिहरी ):** यहाँ माता सती का सिर गिरा था। ऊँची पहाड़ी पर स्थित इस मंदिर से हिमालय के भव्य दर्शन होते हैं। यह सिद्धपीठ श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति प्रदान करता है।

**धारी देवी ( श्रीनगर ):** इन्हें उत्तराखंड की (शेष पृष्ठ सात पर)

## गृहक्लेश के चलते फैक्ट्री कर्मी ने फंदा लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल की एक निजी कंपनी में कार्यरत युवक ने पत्नी से हुए विवाद के बाद फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से राजस्थान निवासी 30 वर्षीय विकास मावर पुत्र सहाब राम वर्तमान में यहाँ अटरिया ढाल के पास एक मकान में किराए पर रहता था। वह सिडकुल स्थित एंड्योरेंस कंपनी में काम करता था। बताया जा रहा है कि विकास का अपनी पत्नी नेहा के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद से क्षुब्ध होकर उसने कमरे के भीतर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग एकत्र हो गए और आनन-फानन में पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शव को फंदे (शेष पृष्ठ सात पर)

## काशीपुर बाईपास के चौड़ीकरण के लिए हुई नाप जोख

**विधायक और प्रशासनिक टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण, जल्द हटेगा अतिक्रमण**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से काशीपुर बाईपास मार्ग के चौड़ीकरण की प्रक्रिया ने एक बार फिर गति पकड़ ली है। गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा के साथ प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों की टीम ने बाईपास मार्ग का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यदायी संस्था को तत्काल निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए, साथ ही मार्ग के सुदृढ़ीकरण की जद में आ रहे अतिक्रमण को चिन्हित कर नाप-जोख की गई। गुरुवार दोपहर विधायक शिव अरोरा, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, प्रभारी परगना अधिकारी गौरव पांडे, तहसीलदार दिनेश कुटेला और नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे ने संयुक्त रूप से प्रस्तावित चौड़ीकरण स्थल का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मार्ग निर्माण में बाधक बन रहे विद्युत पोलों को अविलंब हटाकर निर्धारित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित और शहर के विकास के लिए इस मार्ग का चौड़ीकरण अत्यंत आवश्यक हो गया है। विधायक शिव अरोरा(शेष पृष्ठ 7 पर)



## सुप्रसिद्ध चैती मेले का विधिवत शुभारंभ

काशीपुर। हर साल की तरह इस बार भी काशीपुर में उज्जैनी शक्ति पीठ माँ बाल सुन्दरी के मंदिर में चौत्र के नवरात्रे में लगने वाले मेले का आज से विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुभारम्भ हो गया है। मेले का शुभारम्भ मन्दिर के मुख्य पुजारी पंडा विकास कुमार अग्निहोत्री और कुमाऊ नरेश केसी सिंह बाबा के सपुत्र एनसी बाबा, सांसद अजय भट्ट, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, महापौर दीपक बाली समेत गणमान्य व आम भक्तो ने संयुक्त रूप से माँ बाल सुन्दरी का ध्वज पताका लहराकर किया। गौरतलब है कि आज से शुरू हुआ मेला आगामी 17 अप्रैल तक चलेगा। (शेष पृष्ठ 7 पर)



## गहरी खाई में गिरा कैंटर,दो लोग घायल

रामनगर (उद संवाददाता)। पर्वतीय मार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के सरकारी दावों के बीच कुमाऊं के पहाड़ी रास्तों पर हादसों का सिलसिला थम नहीं रहा है। ताजा मामला गुरुवार की सुबह अल्मोड़ा जनपद के सल्ट इलाके के मरचूला क्षेत्र में सामने आया है, जहाँ चूने से भरा एक कैंटर वाहन अनियंत्रित होकर करीब 60 फीट गहरी खाई में जा गिरा। इस दुर्घटना में वाहन चालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद अंतर्गत नहटौर निवासी दानिश ने बताया कि वह अपने साथी अकरम के साथ गुरुवार सुबह चांदपुर इलाके से कैंटर में चूना लादकर मरचूला की ओर जा रहे थे। वाहन अकरम चला रहा था। मरचूला से महज एक किमी पहले एक तीखे मोड़ पर सामने से अचानक एक कार आ गई। कार को बचाने के चक्कर में चालक अकरम ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और कैंटर सीधे 50 से 60 फीट गहरी खाई में जा गिरा। हादसे के बाद घायल दानिश और चालक अकरम किसी तरह क्षतिग्रस्त (शेष पृष्ठ 7 पर)



# धुर विरोधी ठुकराल और शिव अरोरा मिले गले

**स्वामी नारायण चैतन्य के सानिध्य और महापौर विकास शर्मा की मौजूदगी में दोनों नेता एक दूसरे के करीब आए**

रुद्रपुर। शहर में एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने राजनीतिक गलियारों के साथ-साथ आम लोगों को भी चौंका दिया। वर्षों से एक-दूसरे के धुर विरोधी माने जाने वाले भाजपा के मौजूदा विधायक शिव अरोड़ा और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एक ही मंच पर न केवल साथ नजर आए, बल्कि सार्वजनिक रूप से गले मिलते हुए दिखाई दिए। यह घटना किसी कल्पना या तकनीक का परिणाम नहीं, बल्कि वास्तविकता का ऐसा क्षण था, जिसने सभी को हैरान कर दिया।यह पूरा घटनाक्रम आदर्श कॉलोनी स्थित वैष्णो देवी शक्तिपीठ आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान सामने आया। कथा का वाचन कर रहे प्रमुख कथा व्यास नारायण चैतन्य ब्रह्मचारी के सानिध्य में मंगलवार को विधायक शिव अरोड़ा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और महापौर विकास शर्मा कथा स्थल पर पहुंचे।मंच पर आशीर्वाद लेने के दौरान कथा व्यास ने तीनों जनप्रतिनिधियों को अपने सामने बुलाते हुए कहा कि समाज में बड़े और प्रभावशाली लोगों का आचरण ही आमजन के लिए उदाहरण बनता है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल आते-जाते रहते हैं और सरकारें बदलती रहती हैं, लेकिन आपसी सम्मान और सकारात्मक व्यवहार हमेशा बना रहना चाहिए।इसी दौरान कथा व्यास ने विधायक शिव अरोड़ा और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को एक-दूसरे के (शेष पृष्ठ सात पर)



# गैस एजेंसियों ने फेरा 'धामी सरकार की कोशिशों' पर पानी

## उत्तराखंड में पहले ही दिन नहीं हो पाया एसओपी का पालन, निर्धारित 2650 कमर्शियल सिलेंडर के स्थान पर केवल 879 सिलेंडर ही किए जा सके डिलीवर

– अर्श–

देहरादून। राज्य में गैस सिलेंडर को लेकर फैले पैनिक को कम करने एवं प्रत्येक उपभोक्ता तक को गैस सिलेंडर के आपूर्ति सुनिश्चित करने की गरज से राज्य सरकार द्वारा लाई गई एसओपी का, उत्तराखंड की विभिन्न गैस एजेंसियां पहले ही दिन पूर्ण पालन नहीं सुनिश्चित कर सकीं। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड में इस समय शीतकालीन यात्रा चल रही है और अगले ही महीने चारधाम यात्रा भी आरंभ होने जा रही है। ऐसे में आगामी चारधाम यात्रा के दौरान पर्यटन व्यवसाय से जुड़े हितधारकों को व्यावसायिक एलपीजी सिलिंडर की आपूर्ति न होने पर पर्यटन व्यवसाय प्रभावित होने की आशंका गहराती जा रही थी, साथ ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को कमर्शियल गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध न होने के चलते कमर्शियल गैस कनेक्शन धारकों को काफी दिक्कतों का भी सामना करना पड़ रहा था और उनके व्यवसाय पर संकट मंडराने लगा था। उपरोक्त तमाम दिक्कतों का उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने समय रहते संज्ञान लिया और सरकार के निर्देश पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव आनंद स्वरूप द्वारा 16 मार्च को कमर्शियल गैस सिलिंडर की डिलीवरी के लिए बाकायदा एक एसओपी जारी की गई थी। एसओपी के अनुसार प्रदेश के सभी व्यावसायिक गैस सिलिंडर कनेक्शन धारकों को रोजाना 2650 सिलिंडर उपलब्ध कराए जाने थे तथा सिलिंडर वितरण के लिए,



राज्य की 03 आपूर्तिकर्ता तेल एवं गैस कंपनियों यानि आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल को उनकी वर्तमान बाजार में हिस्सेदारी के अनुसार दायित्व निर्धारित किया जाना था, साथ ही जारी एसओपी में यह भी उपबंध किया गया था कि यह तीनों आपूर्तिकर्ता कंपनियां, कमर्शियल गैस की आपूर्ति करेंगी और इसकी जानकारी संबंधित जिलाधिकारी को भी देंगी, लेकिन एसओपी जारी होने के अगले दिन यानी 17 मार्च को ही विभिन्न तीनों गैस एजेंसियों ने राज्य सरकार की अब तक की कोशिशें पर पानी फेर दिया और 17 मार्च को राज्य भर में केवल 879 कमर्शियल गैस सिलिंडर की ही डिलीवरी हो पाई, जबकि 16 मार्च तक गैस एजेंसियों के पास 11,490 कमर्शियल गैस सिलिंडर का स्टॉक उपलब्ध था। दरअसल, सरकार का पहला प्रयास घरेलू गैस सिलिंडर की पूर्ति का पूरा करना था। इसीलिए गैस संकट आने के बाद सरकार ने सबसे पहले कमर्शियल गैस सिलिंडर की डिलीवरी बंद कर दी गई थी और शुरू में सिर्फ हॉस्पिटलों, शैक्षिक संस्थानों जैसे हॉस्टल और सरकारी दफ्तरों या फिर इमरजेंसी जैसी जंगहों पर ही कमर्शियल गैस सिलिंडर की डिलीवरी की जा रही थी। अन्य जगहों पर कमर्शियल गैस सिलिंडर की डिलीवरी बंद होने से होटल, रेस्टोरेंट समेत इस तरह के कारोबार से जुड़े अन्य लोगों को काफी दिक्कत हो रही थी, जिसको देखते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश में कुछ महत्वपूर्ण सेक्टर चिन्हित किए थे, जहां पर रोजाना 20 फीसदी कमर्शियल गैस की डिलीवरी करने को कहा गया था। मगर उत्तराखंड में गैस सिलेंडर की आपूर्ति करने वाली गैस एजेंसियां पहले ही दिन निर्धारित आंकड़ा पूरा नहीं कर पाई।

# प्रथम नवरात्र मंदिरों में हुई मां शैलपुत्री की पूजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चैत्र मास के प्रथम नवरात्र पर्व पर आज नगर एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी मंदिरों में मां शैलपुत्री की श्रद्धालुओं द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। मंदिरों में प्रात: काल से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। उन्होंने मां को नारियल, चुनरी, ध्वज, पान, सुपारी, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती, मेवा इत्यादि अर्पित किया। सभी मंदिर परिसर घंटियों की ध्वनियों व मां के जयघोषों से गुंजायमान होते रहे। इस मौके पर मंदिरों को रोशनी एवं फूलमालाओं से भव्य रूप से सजाया गया है। अनेंक मंदिरों में कई धार्मिक आयोजित किये जा रहे है। पावन स्थल मां ज्वाला देवी से श्रद्धालुओं द्वारा लाई गई पावन ज्योति के स्वरूप को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में स्थापित किया गया है। जहां सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पावन ज्योति के दर्शन कर आर्शीवाद ले रहे हैं और पावन ज्योति का अंश स्वरूप लेकर अपने आवास व प्रतिष्ठानों में स्थापित कर पूजा अर्चना कर रहे है। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर,



श्री मनकामेश्वर मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, श्री शिव मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, श्री बृहस्पति देव मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चामुण्डा मंदिर, सहित ट्रांजिट कैम्प, सिडकुल चौकी परिसर, कोतवाली परिसर, सिडकुल चौक, आवास विकास, इन्द्रा कालोनी, सिंह कालोनी, रम्पुरा, भूतबंगला, पहाडगंज, बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, शक्ति विहार कालोनी, दरिया नगर, घास मंडी, ईश्वर कालोनी, संजय नगर, आदर्श कालोनी, अटरिया रोड़, किच्छा रोड़, काशीपुर रोड़, किच्छा बाईपास रोड़, काशीपुर बाईपास रोड़, जगतपुरा, दूधिया नगर, खेड़ा, शक्ति विहार, पीएसी परिसर, गंगापुर रोड़, निकटवर्ती ग्राम भूरारानी, डिबडिबा, दानपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, छतरपुर, मटकोटा, रामनगर, फुलसुंगा, फुलसुंगी, प्रीत विहार, फाजलपुर महरोला आदि क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में मां की पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों के बाहर पूजा सामग्री बेचने वालों के स्टाल लगे रहे। शंति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई मंदिरों में पुलिस कर्मी भी तैनात रहे। **हल्द्वानी**– पावन नवरात्र पर्व एवं नव सम्वतसर पर्व यहां सभी मंदिरों में भक्तिभाव से मनाया गया। नगर के श्री सत्यनारायण मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर विष्णुपुरी, श्री राम मंदिर, लटूरिया बाबा आश्रम, बेलबाबा मंदिर, श्री कालू सिद्ध बाबा मंदिर, जगदम्बा मंदिर, मां वैष्णों मंदिर, श्री आंवलेश्वर महादेव मंदिर, काली चौड़ मंदिर, मां शीतला देवी मंदिर, श्री शिव मंदिर, श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर आदि मंदिरों में प्रात: से ही मां भक्तों ने पहुंचकर मां की आराधना की। अनेक मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं।

# अधिकारियों ने गैस एजेंसियों का किया औचक निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर में घरेलू गैस की किल्लत और बुकिंग तथा कालाबाजारी के दृष्टिगत बुधवार को पूर्ति अधिकारियों द्वारा ज्वाला गैस एजेंसी और केएमवीएन की सरस मार्केट में स्थित एजेंसी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में ज्वाला गैस ऐजेंसी में रखी हुई 84 गैस बुक प्राप्त हुईं। इन गैस बुक के संबंध में संबंधित एजेंसी को नोटिस जारी किया जा रहा है और उनसे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने के लिए आदेशित किया गया है। अधिकारियों द्वारा सभी उपभोक्ताओं को भी अवगत कराया गया है कि गैस का अनावश्यक स्टोर न करे। अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# रक्षा मंत्री के हल्द्वानी भ्रमण को लेकर आयुक्त ने परखीं व्यवस्थाएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आगामी 21 मार्च को जनपद नैनीताल के प्रस्तावित भ्रमण को लेकर प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। बुधवार को सर्किट हाउस हल्द्वानी में आयुक्त और मुख्यमंत्री के सचिव दीपक रावत की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय पूर्व तैयारी बैठक संपन्न हुई। बैठक में कुमाऊं आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों को समय रहते तैयारियां पूर्ण करने और सौंपी गई जिम्मेदारियों को त्रुटिरहित ढंग से निभाने के सख्त निर्देश दिए।आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी के एमबी मैदान में शनिवार को एक भव्य और महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर मंच निर्माण, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और विद्युत आपूर्ति जैसे सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पार्किंग स्थल से लेकर सभा स्थल तक आम जनता की पहुंच सुगम होनी चाहिए और हर आगंतुक के बैठने के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि किसी को भी असुविधा न हो।बैठक के दौरान आयुक्त ने जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टीसी



मंजूनाथ को पूरे कार्यक्रम क्षेत्र को सेक्टरवार विभाजित कर कार्य आवंटित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संस्थान को पर्याप्त पेयजल टैंकरों और मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था करने तथा नगर निगम को नियमित सफाई अभियान चलाने को कहा। लोक निर्माण विभाग को वीआईपी मार्ग से कार्यक्रम स्थल तक की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की विकास प्रदर्शनियां लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।समीक्षा बैठक के पश्चात आयुक्त दीपक रावत ने स्वयं एमबी इंटर कॉलेज मैदान पहुंचकर चल रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद लोनिवि के अधिकारियों को पंडाल और मंच निर्माण का कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने की हिदायत दी। बैठक में दर्जा राज्य मंत्री डॉ अनिल कपूर डब्बू, भाजपा प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, जिलाधिकारी उधमसिंह नगर नीतिन भदौरिया, सीडीओ अरविंद कुमार पाण्डे सहित लोक निर्माण विभाग, जल संस्थान और विद्युत विभाग के तमाम वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रद्धा के साथ मनाया ब्रह्मलीन मां हंसेश्वरी भारती जी का जन्मोत्सव

## आदर्श कॉलोनी स्थित वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम में सात दिवसीय भागवत कथा हवन और भंडारे के साथ संपन्न







रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कॉलोनी स्थित वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम की संस्थापिका ब्रह्मलीन वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी मां हंसेश्वरी भारती जी महाराज (स्वर्ग फार्म वाली देवी जी) का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम के पश्चात भव्य हवन और माता चिंतपूर्णी मंदिर से वैष्णो देवी मंदिर तक ध्वज यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में विभिन्न आश्रमों से पधारे संतों ने अपने प्रवचनों के माध्यम से संगत को निहाल किया और मां के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला।जन्मोत्सव कार्यक्रम में तुलसी धाम से पधारे राजेंद्र जी महाराज ने कहा कि स्वर्ग फार्म वाली देवी जी का संपूर्ण जीवन त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति था। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही जीवन को सफल बनाया जा सकता है। अनंत प्रेम आश्रम की निष्ठानंद बाई जी ने मां को याद करते हुए कहा कि वे एक स्पष्ट वक्ता थीं और उनका स्नेह सदैव भक्तों को मिलता रहा है। उनके आशीर्वाद से लाखों लोगों का उद्धार हुआ है। मनकामनेश्वर आश्रम के नारायण चैतन्य जी महाराज ने कहा कि संत कभी कहीं जाते नहीं हैं, वे सदैव सूक्ष्म रूप में अपने होने का अहसास कराते रहते हैं। बालाजी मंदिर के महंत मनीष सलूजा ने 'तेरे रंगा विच मैं रंग जावां' जैसे भजनों से मां का आह्वान किया, वहीं भूरारानी से कंचन बाई जी और प्रेम आश्रम से गायत्री नाथ जी ने भजनों की श्रृंखला से भक्तों को भक्तिभाव में सराबोर कर दिया।इस अवसर पर समस्त संत समाज ने हलवे का केक काटकर माता जी का जन्मोत्सव मनाया और उनकी प्रतिमा को चुनरी व माला पहनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। उत्सव में नीलकंठ मंदिर, नवदुर्गा मंदिर, चिंतपूर्णी मंदिर, बालाजी मंदिर, शिव मंदिर मॉडल कॉलोनी और माता कृष्ण मंदिर किच्छा सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए।कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमित नारंग, संजय जुनेजा, पल्ली गाबा, जगदीश ठुकराल, शम्मी, महंत श्याम खुराना, सतनाम सिंह, राजेश आनंद, राजीव ग्रोवर, अरविंद मिश्रा, नरेश घई, जीतू, अशोक, लक्ष्य शर्मा, गौरव गुंबर, जिगर गुंबर, सन्नी, कपिल, बिल्लू खुराना, राजकुमार बांगा, अनिल शर्मा, प्रीति ग्रोवर, कंचन, जया, गगन, सुनीता, मन्नू, राम लाल अदलखा, प्रेम, अंकित, जगदीश अरोरा, अंशु, आशा, नूतन मिश्रा, धर्मवीर सुखीजा, जीवनदास फुटेला, रमेश चुग, रमेश राठौर, सुभाष गगनेजा, सुभाष खंडेलवाल, प्रमोद, गोविंद राय, जितेंद्र संधू, अमित कक्कड़, अमित गंभीर, राजेंद्र पाल और रोहित पासी सहित तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे।





# जिंदगी दी शामा ढल चलिया गुरु नानक कद नजर मेहर दी पावेगा ...

## भाई चमनजीत सिंह जी लाल दिल्ली वालो ने व बाबा अमरजीत सिंह जी पंजाब वालों ने संगत को किया निहाल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।आदर्श कॉलोनी स्थित कुटिया संत बाबा गोपाल सिंह जी गुरुद्वारे में 54 वा सलाना गुरमत एवं संत समागम में रागी एवं कीर्तनी जत्थों व कथा वाचक ने गुरु की महिमा का गुणगान कर संगत को निहाल कर दिया। संतों ने प्रवचन करते हुए नेकी की राह पर चलने का संदेश दिया । इस दौरान विशाल लंगर का आयोजन भी किया गया। इसमें हजारो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुद्वारे की मुख्य सेवादार माता सुषमा कौर की देखरेख में आयोजित संत समागम में भव्य धार्मिक दीवान सजाया गया। इस दौरान 16 मार्च से शुरू हुए अखंड पाठ का विधिवत 18 मार्च को भोग पड़ा। समागम में भाई चमनजीत सिंह जी लाल दिल्ली वाले, बाबा अमरजीत सिंह जी गालिब खुर्द पंजाब वाले, बाबा प्रताप सिंह जी नानकसर बाजपुर वाले, भाई गुरुभेज सिंह जी कथावाचक रुद्रपुर वाले, भाई सोहन सिंह जी कीर्तनी जत्था रुद्रपुर वाले आदि रागी व कीर्तनी जत्थों ने





सत्संग के माध्यम से संगत को आशीर्वचन देते हुए व महिमा का बखान कर संगत को निहाल कर दिया । इसके अलावा महापौर विकास शर्मा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, समाजसेवी संजय ठुकराल, दास अजय सिंह, धीरज असीजा, सुधीर अरोरा का मुंजाल परिवार ने सरोपा भेंट कर जोरदार स्वागत किया । वही भाई चमनजीत सिंह जी लाल दिल्ली वालो ने सतनाम वाहेगुरु भाग होआ गुरु संत मिलाया है, संता के कारज आप खालोया हर काम करावां आया राम,जिनके छोले रात्रे प्यारे कंत टीना के पास धुर टीना की जे मिले जी कहो नानक की अरदास,क्या नहीं घर तेरे श्री हरिकिशन धियाई जिस दिथे सब दुख जाए,वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह आदि शब्दों के साथ गुरु की महिमा का बखान कर संगत को निहाल कर दिया वही गालिब खुर्द पंजाब नानकसर वाले बाबा अमरजीत सिंह ने सब ते वड्डा सतगुरु नानक दिन पथ राखी मेरी, सुनया है बाबा जी तू दुखिया दा है दरदी, किथे जाके बह गयो बाग देया मालिया, जिंदगी दी शामा ढल चलिया कद नजर मेहर दी पावेगा, मिट्टी लगदी गुरूजी तेरी बानी सारिया रसना तो आदि शब्दों के साथ गुरु की महिमा का बखान कर संगत को निहाल कर दिया इस दौरान बाबा प्रताप सिंह जी नानकसर बाजपुर वाले, भाई गुरुभेज सिंह जी कथावाचक रुद्रपुर वाले, भाई सोहन सिंह जी कीर्तनी जत्था रुद्रपुर वाले आदि ने प्रवचन करते हुए नेकी और सच्चाई की राह पर चलने का आहवान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष शीश नवाकर सुख समृद्धि की कामना की इस दौरान लंगर में हजारो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचे कई गणमान्य लोगों को सरोपा भेट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान गुरुद्वारे की मुख्य सेवादार माता सुषमा कौर,दास आशीष मुंजाल, दास विक्की मुंजाल, हरीश मुंजाल, गौरव मुंजाल मन्नी मुंजाल, सुरेश मुंजाल, पारस गाबा, परमानंद मुंजाल,हरिचन्द मुंजाल ,महंगा राम मुंजाल , किशन सेतिया, जगदीश अरोरा, रमन अरोरा, रेनू अरोरा , सिमरनजीत सिंह, अंजली गुंबर ,रीमा मुंजाल , तृप्ति मुंजाल,सानवी मुंजाल, आशा मुंजाल, राम चंद आहूजा , गौतम आहूजा, शिव कुमार गुम्बर ,सोनू गुम्बर,हरबंस गुम्बर ,नरेश गुलाटी ,वंश गुलाटी,प्रवीण अरोरा ,रुशील अरोरा,जोगा सिंह,अमन सिंह, टहल सिंह ,पंजाब सिंह, सुरेंदर फुटेला ,राजेन्द्र फुटेला,मनोज मुंजाल , मोनू मुंजाल,किशन सहगल ,बंटी सहगल,सुमित सहगल,जुगनू मुंजाल , दीपक मुंजाल , राम चंद भुड्डी ,गौरव भुड्डी,राज कुमार सीकरी,तनिष्क सीकरी, शिवम मुंजाल, राजू मुंजाल, सूरज मुंजाल, मीनू मुंजाल, दीक्षा मुंजाल, अमरीक सिंह, दिनेश अरोरा, राजू अनेजा, अशोक खुराना, पवन कटारिया, अशोक चावला,जतिन नागपाल, रोशन लाल तागरा,साहिल आहूजा,सोनू खुराना आदि ने लंगर का प्रसाद ग्रहण कर गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त किया।








# जनपद में 108 क्रय केंद्रों पर 1 अप्रैल से शुरू होगी तौल

## गेहूं खरीद की तैयारियों को लेकर एडीएम ने ली बैठक, व्हाट्सएप नंबर पर दर्ज होंगी समस्याएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन सभागार में आगामी 1 अप्रैल से शुरू होने वाली गेहूं खरीद की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसान प्रतिनिधियों, राइस मिलर्स और संबंधित क्रय एजेंसियों के साथ चर्चा करते हुए अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी क्रय केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं समय से पूरी कर ली जाएं। उन्होंने एक नई पहल की जानकारी देते हुए बताया कि इस बार सभी केंद्रों पर व्हाट्सएप नंबर अंकित किया जाएगा। किसान केंद्र से संबंधित किसी भी परेशानी की सूचना मैसेज या वीडियो के माध्यम से इस नंबर पर दे सकेंगे, जिसका




प्रशासन द्वारा त्वरित समाधान किया जाएगा।अपर जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष जनपद में कुल 108 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इनमें खाद्य विभाग के 18, सहकारिता विभाग के 51, उत्तराखंड उपभोक्ता सहकारी संघ के 7, एनसीसीएफ के 15 और पीसीयू के 17 तौल कांटे लगाए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि आवश्यकता पड़ी तो तौल कांटों की संख्या और बढ़ाई जाएगी। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध कराया जाए ताकि खरीद के समय किसानों को किसी भी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े। उन्होंने गेहूं खरीद से जुड़ी सभी तैयारियों को एक सुनियोजित प्लानिंग के तहत समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान निर्देश दिए गए कि सभी तौल कांटों का परीक्षण कर उन्हें निर्धारित स्थानों पर लगाया जाए। केंद्रों पर तैनात होने वाले कर्मचारियों को पहले ही पूरी जानकारी और प्रशिक्षण देकर नियुक्त करने को कहा गया है। अपर जिलाधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि यदि किसी भी क्रय केंद्र पर कोई अनियमितता पाई गई तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने केंद्रों पर स्वच्छ पानी, शौचालय और विद्युत जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर आरएफसी सीएस मर्तोलिया, मुख्य कृषि अधिकारी वीके यादव, सभी मंडी सचिव सहित यूसीएफ, एनसीसीएफ, खाद्य विभाग, सहकारिता और उत्तराखंड उपभोक्ता सहकारी संघ के अधिकारी तथा विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधि और राइस मिलर्स मौजूद रहे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# किच्छा में 1.31 करोड़ लागत की दो सड़कों को मिली मंजूरी, ग्राम वीरू नगला और बड़ौरा के आंतरिक मार्गों का होगा कायाकल्प

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप राज्य योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य को वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। विधायक बेहड़ ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इन विकास कार्यों पर कुल 1.31 करोड़ रुपये की लागत आएगी।स्वीकृत कार्यों के विवरण के अनुसार, ग्राम वीरू नगला में शिवराम के खेत से शीलापंत स्कूल होते हुए श्मशान घाट लिंक मार्ग तक सड़क का पुनर्निर्माण किया जाएगा। प्रीमिक्स कारपेट विधि से बनने वाली इस 1.550 किलोमीटर लंबी सड़क की कुल लागत 79.86 लाख रुपये है। इसके अतिरिक्त, ग्राम बड़ौरा के आंतरिक मार्गों में 51.07 लाख रुपये की लागत से सीमेंट कंक्रीट



ब्लॉक पेवमेंट द्वारा 505 मीटर लंबे मार्ग का निर्माण कराया जाएगा। इन दोनों परियोजनाओं के पूर्ण होने से ग्रामीणों को आवागमन में हो रही दिक्कतों से निजात मिलेगी।इस अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोग लंबे समय से इन सड़कों के निर्माण की मांग कर रहे थे, जिसे अब अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इन मार्गों के बनने से स्कूली बच्चों, किसानों और आम जनमानस को काफी सहूलियत होगी। विधायक ने विकास कार्यों को गति देने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और लोक निर्माण विभाग मंत्री सतपाल महाराज का आभार व्यक्त किया।

'जय माता दी'   'जय बाबा की'
पावन नवरात्र के उपलक्ष्य में
माता की चौकी
स्थान:- महेन्द्र छाबड़ा ( नंद विहार कालोनी )
दिनांक: 19 मार्च 2026 दिन: बृहस्पतिवार
निवेदक:-विकास शर्मा, श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबल ट्रस्ट, रूद्रपुर
एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार



हिन्दू ॐ नव वर्ष
समस्त क्षेत्रवासियों को
हिन्दू नववर्ष एवं पावन चैत्र नवरात्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
भारत भूषण चुघ
प्रदेश सह संयोजक, भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ
रूद्रपुर, उत्तराखण्ड




समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
सुनील चुघ
पूर्व उपसचिव,सरदार भगत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय




समस्त क्षेत्रवासियों को
हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
जीवन राय
एडवोकेट
वरिष्ठ समाजसेवी,रूद्रपुर




समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं पावन चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
कोट पैन्ट,शेरवानी,
ब्लेजर इन्डो वेस्टन पर
FLAT
50%
की
भारी छूट
प्रो० जगदीश लाल ठुकराल
कोट पैन्ट,शेरवानी,इन्डो वेस्टन,कुर्ता पजामा,जोधपुरी कपड़ों का
शहर का एक मात्र शोरूम
दूल्हा घर
ठुकराल गारमेन्ट्स
पंजाबी मार्केट,रूद्रपुर मो-9837058254




समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं पावन चैत्र नवरात्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
ओम बापू
मशीनरी स्टोर
हरीश चन्द्र गुम्बर
विशाल गुम्बर




समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
HYUNDAI
BINDAL HYUNDAI
रूद्रपुर में हुण्डई कारों के
एकमात्र अधिकृत विक्रेता
BINDAL ENTERPRISES PVT LTD
Anand Bindal - Managing Director
Kichha By Pass Road, Rudrapur (U.S.Nagar) Uttarakhand




PAWAS PATHOLOGY
R.R. Qtr. Near Bhagat Singh Chowk, Rudrapur
Sanjeev Sharma
BSc. M.L.T., New Delhi
Ex.Medical Technologist
Vivekanand Hospital & Research Center, Moradabad
M.A. Hospital Rudrapur | U.S. Nagar | Uttarakhand
Mob.: 8958712104, 9719700699




समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज
बंशीधर गुम्बर
पूर्व अध्यक्ष
उत्तरांचल पंजाबी महासभा एवं
अध्यक्ष उद्योगिक आवास संघ
आंशु गुम्बर
रोहित गुम्बर
निर्माता- धान थ्रेशर, गेहूँ थ्रेशर, रोटावेटर,
स्ट्रारीपर, हैरो, पैडी हैरो, जीरो ड्रील आदि
C-19/20, इण्डस्ट्रियल इस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर
Ph.: 05944-243508, 9412034731, 9568880000




समस्त क्षेत्रवासियों को
हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
चन्द्रकेश यादव
तिरूपति कन्वेसिंग एजेन्ट
गल्ला मण्डी, रुद्रपुर (ऊ०सि०नगर) मो० 9412089030
तिरूपति पैडी प्रोडक्टस
नगर पालिका मार्केट, दुकान न०58, रुद्रपुर मो० 9917304466




समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
मानसी बत्रा
रजत बत्रा
महामंत्री
नमन बत्रा
नमन इण्टरप्राइजेज
उच्च क्वालिटी की दवाईयों के होलसेल विक्रेता,आदर्श कालोनी,रुद्रपुर




समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
शेखर जुयाल
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
सुरेन्द्र घई
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
श्री सांई कन्सट्रक्शन
59/3, आवास विकास, रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)




समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
रामवीर यादव
संस्थापक
अलका अरोरा
कोषाध्यक्ष
सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट रजि.
मो० नं.-7500600251,9837508519,7500300267




समस्त क्षेत्रवासियों को
हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
हिन्दू ॐ नव वर्ष
वेद ठुकराल
वरिष्ठ भाजपा नेता, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं पावन चैत्र
नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
अजय तिवारी
अध्यक्ष,क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधमसिंहनगर
एवं पूर्व प्रत्याशी किच्छा विधानसभा क्षेत्र


समस्त क्षेत्रवासियों को
हिन्दू नववर्ष एवं पावन
चैत्र नवरात्र पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
हिन्दू नव वर्ष
राजकुमार ठुकराल
पूर्व विधायक,रुद्रपुर
संजय ठुकराल
समाजसेवी


समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
हिन्दू नव वर्ष
सीए शिव अरोरा
विधायक,रुद्रपुर विधानसभा


समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष
एवं पावन चैत्र नवरात्र पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
ओम प्रकाश अरोरा
महामंत्री
श्री सनातन धर्म सभा,रुद्रपुर
मनोज अरोरा
महासचिव,
भारत पैथ लैब,रुद्रपुर
राम राज्य वायर एण्ड एलाईड इंडस्ट्रीज
B-2, इण्डस्ट्रियल एस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को
हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
विजय भूषण गर्ग
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष
एवं कुमाऊ मंडल प्रभारी
प्रदेश अग्रवाल महासभा,उत्तराखण्ड
मै. विजय फिलिंग स्टेशन,लालपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
Sunil Kalra
MO.9927032888
BALAJI TRADING CO.
Deals in All Kinds of Industrial scrap


श्री सनातन धर्म सभा (रजि.) रुद्रपुर
हिन्दू नववर्ष एवं पावन चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
महेश बब्बर
अध्यक्ष
ओमप्रकाश अरोरा
महामंत्री


क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं पावन
चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
सिद्धेश्वर श्री बालाजी मन्दिर
बालाजी धाम आदर्श कालोनी, रुद्रपुर
श्रद्धेय परम् पूज्य
महंत श्री रमेश वशिष्ठ जी
मो. 9412981982


हिन्दू नव वर्ष
श्री दुर्गा मन्दिर
रुद्रपुर (उधमसिंहनगर) की ओर से
समस्त क्षेत्रवासियों को
हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
रेनु अरोरा
अध्यक्ष
गुरुशरन बब्बर
सचिव
कृष्ण नारंग
कोषाध्यक्ष
श्री दुर्गा मन्दिर सभा,रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
Jwala Shoes Palace
All Kinds of Ladies, Gents & Kids Wear Etc.
adidas
Reebok
NIKE
Lee Cooper
Krishan Narang
Sant Baba Lal Singh Ji Marg, Matke Wali Gali, Rudrapur Ph.: 05944-244240


क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष
एवं पावन चैत्र नवरात्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
सुरेश धींगरा 'बाबू'


क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं पावन चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
अरोरा हैण्डलूम
प्रीतम अरोरा गुरदीप अरोरा
मुख्य बाजार,रुद्रपुर(उधमसिंहनगर)


क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं पावन चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
रुद्रपुर फर्टिलाइजर्स एण्ड
पेस्टिसाइड एसोसिएशन
जगन लाल नारंग
अध्यक्ष
करमपाल सिंह
महामंत्री
राकेश मुड्डी
कोषाध्यक्ष

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# इलेक्ट्रिक वाहनों में आग

भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसका उद्देश्य यही है कि बढ़ते वायु प्रदूषण का मुकाबला किया जाए और पेट्रोल एवं डीजल पर निर्भरता भी कम हो। इसीलिए सार्वजनिक परिवहन में बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया जा रहा है।कम खर्च में चलने और एक बेहतर विकल्प होने के कारण भी लोग ऐसे वाहनों को धीरे-धीरे अपनाने लगे हैं। मगर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नई तकनीक के जहां फायदे होते हैं, वहीं इसमें कई स्तरों पर जोखिम भी छिपे होते हैं। बिजली से चलने वाले वाहनों में तकनीकी गड़बड़ियों और आग लगने की घटनाओं से अब कई सवाल उठने लगे हैं।इंदौर में बुधवार तड़के एक इलेक्ट्रिक कार को चार्ज किए जाने के दौरान धमाके के बाद इमारत में आग लगने से आठ लोगों की मौत की घटना ने सचेत किया है कि क्या ये वाहन सुरक्षित हैं? गौरतलब है कि मकान के बाहर कार को चार्ज किए जाने के दौरान 'चार्जिंग प्वाइंट' में विस्फोट हुआ। इसके बाद आग की लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया।कोई दो मत नहीं कि आग लगने की ऐसी घटनाओं से उन लोगों का विश्वास कमजोर होगा जो पेट्रोल की गाड़ियों को छोड़ कर इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने का मन बना रहे हैं। यह उचित ही है कि विशेषज्ञों की एक समिति से इंदौर अग्निकांड की जांच कराई जाएगी। इसका जो भी निष्कर्ष सामने आए, लेकिन इससे स्पष्ट होगा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण और इसके संचालन में कहां कमी रह गई।सवाल है कि ऐसे वाहनों के इस्तेमाल और सुरक्षा के लिए कोई मानक संचालन प्रक्रिया अब तक क्यों नहीं अपनाई गई? इसके बारे में पहले से लोगों को क्यों नहीं बताया जाता। आखिर गलियों में या घरों के सामने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने के लिए लोग क्यों मजबूर हैं। यह निराशाजनक ही है कि सड़कों के किनारे और रिहाइशी इलाकों में जगह-जगह पर्याप्त संख्या में चार्जिंग स्टेशन अभी तक नहीं बनाए जा सके हैं। ऐसे में बिजली से चलने वाले वाहनों को सड़कों पर उतार देने भर से उत्सर्जन कम करने या तेल पर निर्भरता घटाने का लक्ष्य पूरा नहीं होगा।मध्य प्रदेश के इंदौर से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां के बंगाली चौराहा के पास स्थित एक कॉलोनी में बुधवार तड़के भीषण हादसा हुआ। कॉलोनी स्थित एक घर में इलेक्ट्रिक कार चार्ज करने के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिससे छह लोगों की जलकर मौत हो गई।

# मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाने में जुटें कार्यकर्ता: सुरेश भट्ट

रुद्रपुर। आगामी चुनावी चुनौतियों और संगठनात्मक मजबूती को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सक्रियता तेज कर दी है। इसी क्रम में रुद्रपुर स्थित जिला भाजपा कार्यालय में एक महत्वपूर्ण जिला कार्यशाला बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट ने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश दिया कि आगामी समय में मतदाता सूची का शुद्धिकरण संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बूथ स्तर के प्रबंध न पर जोर देते हुए कहा कि लोकतंत्र की इस बुनियादी प्रक्रिया में 'बीएलए-1' और 'बीएलए-2' की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होने वाली है।बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सुरेश भट्ट ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सजग रहकर मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाने में जुट जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन पात्र नागरिकों के नाम अभी तक सूची में शामिल नहीं हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा जाए। इसके साथ ही, पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए उन नामों को सूची से हटाने की जिम्मेदारी भी कार्यकर्ताओं को दी गई है जो अब उस क्षेत्र में निवास नहीं करते या जिनका निधन हो चुका है। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि एक सशक्त मतदाता सूची ही विजय का आधार बनती है, इसलिए बूथ स्तर का प्रत्येक कार्यकर्ता




अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा से करे।कार्यशाला के दौरान आगामी 21 मार्च को हल्द्वानी में होने वाले भव्य कार्यक्रम की रूपरेखा भी साझा की गई। इस दिन देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उत्तराखंड की देवभूमि से जनता को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में होने वाला यह कार्यक्रम राजनैतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में इस जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सांगठनिक बैठक में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिला सह प्रभारी साकेत अग्रवाल, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल और क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने भी अपने विचार रखे। इनके साथ ही प्रदेश अध्यक्ष एसटी मोर्चा प्रेम सिंह राणा, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, रमेश जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीपाल राणा, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, चेयरमैन सचिन शर्मा, सुरेश कोहली और कार्यक्रम जिला संयोजक गजेंद्र प्रजापति ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।बैठक में प्रेम सिंह, सुखदेव, ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, अमित नारंग, इंदरपाल मान, शालिनी बोरा और जिला मंत्री विमला बिष्ट, प्रमोद मित्तल, कोषाध्यक्ष रोशन अरोरा, कार्यालय मंत्री मोरसिंह, सुरेंद्र चौधरी, जिला मीडिया संयोजक विजय तोमर, सोशल मीडिया संयोजक अक्षय गेहलोत और आईटी संयोजक मानस जैसवाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बिट्टू चौहान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीता सक्सेना, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश बजाज, एस टी मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र राणा आदि मौजूद रहे।

# ईद और नवरात्रि को लेकर हुई अमन कमेटी की बैठक

गदरपुर। ईद और नवरात्रि के पावन अवसर को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के उद्देश्य से गदरपुर कोतवाली परिसर में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी ऋचा सिंह ने की।बैठक में बाजपुर क्षेत्राधिकारी विभव सैनी, पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर, अधिशासी अधिकारी कैलाश परवाल, थानाध्यक्ष संजय पाठक सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान शांति व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली-पानी की उपलब्धता तथा सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और विवादित पोस्ट को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।उपजिलाधिकारी ऋचा सिंह ने कहा कि ईद और नवरात्रि जैसे पर्व आपसी भाईचारे और एकता के प्रतीक हैं। इन्हें शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी समुदायों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ या विवादित पोस्ट को बर्दाश्त



नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।बाजपुर क्षेत्राधिकारी विभव सैनी ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर ने बताया कि नगर पालिका द्वारा साफ-सफाई एवं बिजली व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है, ताकि त्योहारों के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।थानाध्यक्ष संजय पाठक ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या विवादित पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।बैठक के दौरान मो. आलम ने सभी को ईद और नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए अमन और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की।बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णयों में त्योहारों के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, साफ-सफाई और बिजली व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष व्यवस्थाएं, तथा सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए निगरानी बढ़ाने जैसे अहम बिंदु शामिल रहे।इस अवसर पर सुदेश ढंग, रिजवान अंसारी, शराफत मंसूरी, शाकिर अली, विजेंद्र कुमार, आकाश कोचर सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने दी नव संवत्सर तथा चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं

देहरादून( उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर के साथ ही चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी है। चैत्र नवरात्रि को शक्ति की उपासना का पर्व बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति की महान परंपरा का प्रतीक है। नवरात्र का यह पर्व समाज में नारी के महत्व और सामर्थ्य को दर्शाता है। इस अवसर पर किया जाने वाला कन्या पूजन नारी शक्ति के महत्व का प्रतीक है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी से नारियों के सम्मान की भी अपील की है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पौराणिक ग्रन्थों में चैत्र नवरात्रि को विशेष महत्व दिया गया है। इसे आत्मशुद्धि तथा सद् प्रवृत्ति का आधार माना गया है। चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म



होती है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। चैत्र नवरात्रों की प्रदेश में धार्मिक महत्ता के दृष्टिगत सभी प्रमुख देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की परम्परा रही है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारतीय सनातन परम्परा में किसी भी शुभ कार्य के प्रारम्भ में संकल्प लेने का विधान रहता है। शक्ति के अनुष्ठान का यह पर्व रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों के प्रति प्रेरणा प्रदान करने वाला हो इसका हमें संकल्प लेना होगा। यह पर्व हमें नवीन उत्साह के साथ देश व समाज की सेवा की भी प्रेरणा देता है। यह नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख, समृद्धि प्रदान करने वाला हो इसकी भी मुख्यमंत्री ने कामना की है।

# राज्यपाल से मिलीं विधानसभा अध्यक्ष

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को लोक भवन में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को हाल ही में गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में संपन्न हुए विधानसभा सत्र के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु बधाई और शुभकामनाएँ दीं।राज्यपाल ने विधानसभा सत्र के दौरान विधायी कार्यों के सुचारू संपादन और सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए विधानसभा अध्यक्ष



के प्रयासों की सराहना की। भेंट के दौरान दोनों के मध्य राज्य के विकास और विधायी कामकाज से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर भी चर्चा हुई।

# कार्यालय जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर

## ई-निविदा विज्ञप्ति

जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर में निर्माण कार्यों के लिए इस कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से जिलाधिकारी कार्यालय, से प्राप्त जिला खनिज न्यास निधि मद के अन्तर्गत एवं अनुरक्षण मद के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों की उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली 2017 के प्राविधानों के अन्तर्गत द्वि-विड प्रणाली के द्वारा पुनः ई निविदा निम्नानुसार आमन्त्रित की जाती है।

1. निविदा भरने की अन्तिम तिथिः- दिनांक 24.03.2026 को अपरान्ह 5.00 बजे तक।
6. तकनीकी निविदा खोलने की तिथिः- दिनांक 25.03.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक।
7. वित्तीय निविदा को खोलने की तिथिः- तकनीकी निविदा पूर्ण होने के उपरान्त।
8. निविदा की शर्तें एवं निविदा प्रपत्र वेब साईट https://uktenders.gov.in पर अपलोड किये जाने हेतु दिनॉक 20.03.2026 से दिनांक 24.03.2026 तक सायं 5.00 बजे तक उपलब्ध होगी।

कार्यों का विवरण निम्नवत है।

| क्र.स. | मद का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृति राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला खनिज न्यास निधि | विकास खण्ड खटीमा के वार्ड नं0 14 में संजय रेलवे पार्क खटीमा स्थित तालाब में छठ पूजा घाट का सौन्दर्यकरण कार्य | 104.52 | 2,10,000.00 | 5000+ जी0एस0टी0 | 180 दिन |
| 2 | जिला खनिज न्यास निधि | विकास खण्ड खटीमा एवं जसपुर में वन क्षेत्र से अच्छादित क्षेत्र में निवास करने वाले गुजरों के डेरों में सोलर लाईट, हाईमास्क लाईट स्थापना का कार्य | 150.00 | 3,00,000.00 | 5000+ जी0एस0टी0 | 180 दिन |
| 3 | जिला खनिज न्यास निधि | विकास खण्ड खटीमा में स्थित श्री भारामल बाबा में एक धर्मशाला और मन्दिर में टाईल्स रोड तथा फर्श पर टाईल्स का निर्माण कार्य एवं खटीमा के वार्ड नं0 14 स्थित निर्वाण आश्रम कुटिया में एक हॉल का निर्माण एवं सौन्दर्यकरण कार्य | 119.95 | 2,40,000.00 | 5000+ जी0एस0टी0 | 180 दिन |
| 4 | अनुरक्षण मद | उपजिलाधिकारी/तहसील कार्यालय भवन खटीमा की रंगाई पुताई एवं मरम्मत का कार्य | 44.71 | 89,500.00 | 2500+ जी0एस0टी0 | 180 दिन |

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर

पत्रांक- 3975/निर्माण-जि.पं.ऊ.सिं.न./2025-26 दिनांक: 18.03.2026

# पंत विवि के कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर मुख्यमंत्री से मिले राजेश शुक्ला

पंतनगर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर पंतनगर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में वर्ष 2003 से पूर्व से कार्यरत कर्मचारियों के नियमितीकरण के संबंध में एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा। मुलाकात के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उच्च न्यायालय द्वारा इस प्रकरण में स्पष्ट आदेश पारित किए जाने के बावजूद कर्मचारियों के नियमितीकरण से संबंधित पत्रावली शासन स्तर पर लंबे समय से लंबित है।राजेश शुक्ला ने मुख्यमंत्री को बताया कि इन कर्मचारियों को नियमित न किए जाने के कारण उन्हें वेतन, सेवा सुरक्षा और पदोन्नति सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनके बीच भारी असंतोष की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ये कर्मचारी पिछले कई दशकों से विश्वविद्यालय की सेवा कर रहे हैं और संस्थान के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ऐसे में उनके हितों की अनदेखी करना न्यायोचित नहीं है।पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से विशेष आग्रह किया कि न्यायालय के आदेशों का सम्मान करते हुए इस संवेदनशील विषय को प्राथमिकता पर लिया जाए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियोंको आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने की मांग की ताकि लंबित पत्रावली का शीघ्र निस्तारण हो सके और पात्र कर्मचारियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया है।



# हरीश अध्यक्ष और अक्षय सचिव बने

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद की विवेकानन्द शाखा के सत्र 2026 27 के लिए हुए वार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान हरीश ग्रोवर को अध्यक्ष, अक्षय माहेश्वरी को सचिव और अभि अग्रवाल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। सितारगंज से आए परिषद के प्रान्तीय सम्पर्क प्रमुख महेश मित्तल ने निर्वाचन प्रक्रिया को विधिवत सम्पन्न करवाया।निर्वाचन के दौरान कोषाध्यक्ष पद के लिए लक्ष्य अग्रवाल ने प्रस्ताव रखा, जिसका अमित सिंघल और सुधांशु पोद्दार ने अनुमोदन किया। सचिव के दायित्व के लिए शीशपाल सिंह द्वारा नाम प्रस्तावित किया गया, जिसके अनुमोदक एडवोकेट मनीष मित्तल और सीए अंशुल गर्ग रहे। वहीं अध्यक्ष पद के लिए प्रतीक तुलस्यान ने नाम प्रस्तावित किया, जिसे पूरे सदन का समर्थन और अनुमोदन मिला। चुनाव अधिकारी महेश मित्तल ने इस अवसर पर कहा कि भारत विकास परिषद की यह गौरवशाली परम्परा रही है कि यहाँ निर्वाचन आपसी सहमति से ही सम्पन्न होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परिषद में सदस्यों को दायित्वों के लिए निर्वाचित नहीं, बल्कि सर्वसम्मति से मनोनीत किया जाता है। उन्होंने प्रान्त की ओर से शाखा और नए दायित्वधारियों को उज्ज्वल कार्यकाल की बधाई दी।चुनावी सभा में विवेकानन्द शाखा के सदस्य विरेन्द्र सुखीजा, संजय खेड़ा, संजय राधू, हेमेन्द्र गंगवार, विमल अरोरा, पुष्पक अग्रवाल, अरविन्द अग्रवाल, अंशुल गोयल, डॉ पवन कक्कड़, अक्षय गहलौत, सौरभ अग्रवाल, राजेन्द्र खुराना, अंकित गुप्ता और सीए सूरज अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता हरीश ग्रोवर ने की और संचालन अक्षय माहेश्वरी द्वारा किया गया।



# लाखों की स्मैक सहित तस्कर को किया गिरफ्तार

किच्छा (उद संवाददाता)। उत्तराखंड को नशा मुक्त बनाने के अभियान के तहत कुमाऊं परिक्षेत्र की एसओटीएफ और किच्छा पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक नशा तस्कर को करीब 12 लाख रुपये मूल्य की 122.25 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। पकड़ी गई स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत काफी अधिक बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल के दिशा-निर्देशन में एसओटीएफ टीम ने स्थानीय लालपुर पुलिस चौकी के सहयोग से क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान गुरुद्वारे वाली गली, लालपुर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम संतोख सिंह निवासी ग्राम लालपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 122.25 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी संतोख सिंह पहले भी नशा तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। वह सितंबर 2025 में 152 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार हुआ था, लेकिन जेल से रिहा होने के बाद उसने दोबारा अवैध कारोबार शुरू कर दिया।इस सफल कार्यवाही में लालपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक बसंत प्रसाद, पुलिसकर्मी दीपक सिंह चौहान, मदन नाथ और एसओटीएफ की टीम मुख्य रूप से शामिल रही। पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल ने इस सफलता पर कहा कि कुमाऊं परिक्षेत्र में मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है।



# हादसे में बांग्ला फिल्म निर्देशक प्रताप दत्ता घायल

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। बांग्ला सिनेमा जगत के जाने-माने फिल्म निर्देशक प्रताप दत्ता एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। 17 मार्च को शक्तिफार्म क्षेत्र में हुए इस हादसे में उनके बाएं पैर में गंभीर फ्रैक्चर आया है। गनीमत रही कि समय पर अस्पताल पहुंचाए जाने के बाद डॉक्टरों की टीम ने उनका सफल ऑपरेशन कर दिया है और वर्तमान में उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, फिल्म 'खनन 23' के निर्देशक प्रताप दत्ता मंगलवार को स्कूल से वापस लौट रहे थे, तभी अचानक वह सड़क हादसे का शिकार होकर गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जांच के दौरान चिकित्सकों ने उनकी बाईं टांग में फ्रैक्चर की पुष्टि की, जिसके बाद उसी रात डॉक्टरों की टीम ने उनका ऑपरेशन संपन्न किया। प्रताप दत्ता ने स्वयं जानकारी साझा करते हुए बताया कि फिलहाल वे डॉक्टरों की कड़ी निगरानी में हैं और उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है।प्रताप दत्ता बांग्ला फिल्म जगत के साथ-साथ साहित्य और सांस्कृतिक क्षेत्र में भी एक प्रतिष्ठित नाम हैं। उनके घायल होने की सूचना मिलते ही कला जगत और उनके प्रशंसकों में चिंता की लहर दौड़ गई। हालांकि ऑपरेशन सफल होने की खबर के बाद परिजनों और शुभचिंतकों ने राहत की सांस ली है। सोशल मीडिया पर भी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामनाओं का तांता लगा हुआ है। वहीं स्थानीय निवासियों ने क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए प्रशासन से यातायात व्यवस्था सुधारने और सख्त कदम उठाने की मांग की है।



# कदली वृक्ष छेदन के साथ बसंती पूजा महोत्सव का शुभारंभ

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर आयोजित होने वाली श्री श्री बसंती पूजा की तैयारियां नगर में जोरों पर चल रही हैं। सोमवार को महिला समिति की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई तथा पारंपरिक कदली छेदन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।कदली छेदन कार्यक्रम के लिए प्रातः सभी महिलाएं दुर्गा मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुईं। यहां से वे मां दुर्गा के जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा के रूप में नगर के पूर्व निर्धारित स्थल की ओर रवाना हुईं। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर महिलाओं का स्वागत किया।निर्धारित स्थान पर पहुंचने के बाद पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कदली वृक्ष की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए जयकारों के बीच कदली वृक्ष का छेदन किया गया। इसके बाद कच्चे केले के कांद को श्रद्धापूर्वक मंदिर परिसर में लाकर स्थापित किया गया। इस पूरे आयोजन के दौरान "जय मां बसंती" के जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।आयोजन समिति के अनुसार आगामी 18 अप्रैल, शनिवार से पांच दिवसीय बसंती पूजा महोत्सव की शुरुआत होगी। इसके लिए सभी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं। पूजा पंडालों को आकर्षक रूप दिया जा रहा है, वहीं मूर्तिकार देवी मां की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। नगर में इस धार्मिक आयोजन को लेकर खासा उत्साह बना हुआ है। कार्यक्रम में शिखा ढाली, प्रभा राय, स्वीटी चक्रवर्ती, दीपाली बैरागी, मीना मंडल, राधा विश्वास, हेमा चक्रवर्ती, जमुना मंडल, सावित्री मंडल, शोष्ठि ढाली, शिवानी स्वर्णकार, नीतू मंडल, पारुल मंगल, रीता गाइन, गीता हालदार, सोनिया हालदार, इति मंडल, सुरोवाला देवी, अष्टमी शील, सरस्वती, अनिंदिता सरकार, सुधा चक्रवर्ती, फूल कुमारी, बसंती चक्रवर्ती, कल्पना मंडल, लक्ष्मी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। वहीं डॉ. सुधीर राय, मृत्युंजय सरकार, अनादी रंजन मंडल, रवि सरकार, रोहित मंडल, गोविंद मंडल, अमल मंडल, विशाल गाइन, महादेव शिकारी, दीपंकर मंडल और अनुकूल कुमार समेत अन्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए।



# फैक्ट्री स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सितारगंज। फ्लेक्शियल पैकेजिंग फैक्ट्री की लेमिनेशन मशीन में किशोर का हाथ फंसने से दुर्घटना हो गई। इस मामले में श्रम परिवर्तन अधिकारी ने प्रतिष्ठान और उसके स्वामी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस को दी तहरीर में श्रम परिवर्तन अधिकारी मीनाक्षी भट्ट ने आरोप लगाया कि किच्छा बायपास रोड स्थित प्रतिष्ठान में काम करते समय किशोर श्रमिक रोहित का हाथ फंस गया। किशोर श्रमिक हेल्पर का कार्य करता था। लेकिन उसे लेमिनेशन मशीन में लगाया गया। 20 फरवरी को फैक्ट्री में दुर्घटना हुई। किशोर श्रमिक की जन्मतिथि 4 दिसंबर 2009 अंकित है। इस मामले में जिला टास्क फोर्स, चाइल्ड हेल्पलाइन कि निकिता राणा, रेखा अधिकारी, ओवैस खान, संगीता गुप्ता, उप निरीक्षक नीलम, ममता कुटियाल आदि ने 18 मार्च को स्थलीय निरीक्षण किया था। किशोर श्रमिक के परिजनों से भी मामले की जानकारी ली गई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

काशीपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र से एक किशोरी बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब किशोरी का पता लगाना शुरू कर दिया। थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीके 16 मार्च को उसकी 15 वर्षीय पुत्री परिजनों को बगैर बताए घर से कहीं लापता हो गई। महिला का कहना है कि तमाम संभावित स्थानों पर तलाश के बाद भी बेटी का पता नहीं चला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब किशोरी का पता लगाना शुरू कर दिया।

## पेज एक का शेष...

**देवभूमि के शक्तिपीठों....**दी गई। करीब एक किलोमीटर लंबी लाइन में लगकर भक्तों ने माता के दरबार में शीश नवाया। यहाँ बड़ी संख्या में परिवार बच्चों के मुंडन संस्कार भी करवा रहे हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी ने बताया कि प्रशासन ने भारी भीड़ को देखते हुए पेयजल, पथ प्रकाश और सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं। हरिद्वार के प्राचीन माया देवी, चंडी देवी और मनसा देवी मंदिरों में तड़के से ही आरती के साथ दर्शनों का क्रम शुरू हो गया। ऋषिकेश के पास नीलकंठ मार्ग और श्रीनगर स्थित मां धारी देवी के दरबार में भी भक्तों की भारी भीड़ रही। अल्मोड़ा के कासार देवी और नंदा देवी मंदिरों के साथ ही चमोली की मां अनुसूया देवी मंदिर में भी श्रद्धा का सैलाब उमड़ा। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

**उत्तराखंड के इन मंदिरों....**रक्षक देवी माना जाता है। अलकनंदा नदी के बीचों-बीच स्थित इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहाँ माता की मूर्ति दिन में तीन बार रूप बदलती है। **माया देवी ( हरिद्वार ):** हरिद्वार की अधिष्ठात्री देवी माया देवी मंदिर को एक अति प्राचीन शक्तिपीठ माना जाता है। यहाँ सती का हृदय और नाभि गिरने की मान्यता है, जिसके कारण हरिद्वार को श्मायापुरीश भी कहा जाता है। **गर्जिया देवी ( रामनगर ):** कोसी नदी के बीच एक विशाल टीले पर स्थित यह मंदिर गिरिजा (पार्वती) का स्वरूप माना जाता है। यहाँ पहुँचने के लिए भक्तों को नदी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। **नंदा देवी ( अल्मोड़ा ):** नंदा देवी उत्तराखंड की इष्टदेवी हैं। चंद राजाओं के काल से ही यह मंदिर कुमाऊँ की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का प्रतीक रहा है।

**सुप्रसिद्ध चैती मेले...** जिसको लेकर ऽुद मेला समिति ने अपनी सभी तैयारियाँ पूरी कर दी है। ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओ को किसी भी प्रकार की समस्या से दो चार ना होना पड़े। बतादें कि 25 मार्च की अर्द्धरात्रि में मां बाल सुंदरी देवी का डोला पंडा आवास मोहल्ला कानूनगोयान से चौती मंदिर पहुंचेगा। 31 मार्च की अर्द्धरात्रि डोला मंदिर से पंडा आवास वापस रवाना होगा। गौरतलब है कि हर साल एक विशाल मेले का आयोजन मन्दिर समिति द्वारा किया जाता है जो कि पूरे उत्तर भारत का चौत्र नवरात्रें सबसे बड़ा मेला होता है जिसमे करोड़ो भक्त अपनी अटूट आस्था को लेकर हर साल माँ बाल सुंदरी के मंदिर में आते है जहाँ पर उनकी सभी मुराद पुरी होती है। इतना ही नहीं ऽासतौर पर अब की बार मंदिर परिसर में 32 सीसीटीवी समेत पूरे मेले में 100 सीसीटीवी कैमरे लगाये गए है जिनसे हर गतिविधियों पर नजर रऽी जाएगी और ऽासतौर पर महिलाओ के साथ कोई छेड़ऽानी ना हो उसके लिए पुलिस प्रशासन ने सादी वर्दी में भी महिला पुलिस को तैनात किया है। इस दौरान पंडा शक्ति अग्निहोत्री, वंश गोपाल अग्निहोत्री, कृष्ण गोपाल अग्निहोत्री, पंडा मनोज अग्निहोत्री, पंडा संदीप अग्निहोत्री, आदि समेत पंड़ा परिवार एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**काशीपुर बाईपास के ....**ने मौके पर मौजूद व्यापारियों और दुकानदारों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार ने व्यापारियों के हितों का विशेष ध्यान रखा है। पूर्व के प्रस्तावों में संशोधन करते हुए अब मार्ग का चौड़ीकरण 60 फीट तक ही सीमित रखा गया है। उन्होंने दुकानदारों से आग्रह किया कि वे निर्धारित सीमा के भीतर आने वाले अपने अवैध निर्माण को स्वयं ही हटा लें, ताकि निर्माण कार्य में कोई बाधा उत्पन्न न हो। विधायक ने जानकारी दी कि मार्ग निर्माण के लिए सरकार द्वारा 13.94 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है।प्रशासनिक टीम ने बताया कि शुक्रवार से मार्ग पर 60 फीट की सीमा तय करने के लिए पिलर लगाने और निशान लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके साथ ही मार्ग के विस्तार की जद में आने वाले पेड़ों को हटाने के लिए वन विभाग से आवश्यक अनुमति लेने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। अधिकारियों ने कार्यदायी संस्था को गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने और समयबद्ध तरीके से योजना को पूरा करने की हिदायत दी है।

**गहरी खाई में गिरा ....**वाहन से बाहर निकलकर मुख्य सड़क तक पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों व पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल उपचार के लिए रामनगर के सरकारी चिकित्सालय पहुंचाया। अस्पताल में दोनों घायलों का उपचार चल रहा है और उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

**धुर विरोधी ठुकराल और ....**गले मिलवाया। इस अप्रत्याशित दृश्य को देखकर वहां मौजूद महापौर विकास शर्मा सहित सभी श्रद्धालुओं ने तालियों की गूंज के साथ स्वागत किया, जिससे पूरा वातावरण भावुक और उत्साहपूर्ण हो उठा।इस घटनाक्रम को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इसे कोई ईश्वरीय संयोग मान रहा है तो कोई इसे भविष्य की राजनीतिक संभावनाओं से जोड़कर देख रहा है। वहीं कुछ लोग इसे प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की संभावित रणनीति के रूप में भी देख रहे हैं। हालांकि, इस घटनाक्रम के पीछे की वास्तविकता क्या है, यह आने वाला समय ही स्पष्ट करेगा।

**गृहकलेश के चलते ..**से नीचे उतारा। विकास की मौत से उसकी तीन वर्षीय मासूम बेटी के सिर से पिता का साया उठ गया है और पत्नी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि प्राथमिक दृष्टि में मामला घरेलू विवाद के बाद खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# नवरात्र पर रूद्रपुर में मांस की बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध

## कच्चा और पका हुआ मांस बेचा तो होगी कार्रवाई: महापौर

रुद्रपुर। चैत्र नवरात्र के पावन पर्व को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने शहर की आध्यात्मिक मर्यादा और



स्वच्छता बनाए रखने के लिए बड़ा निर्णय लिया है। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत मीट-मांस की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह आदेश 19 मार्च से प्रभावी होकर नवरात्र की समाप्ति यानी 27 मार्च 2026 तक कड़ाई से लागू रहेगा।जानकारी देते हुए महापौर विकास शर्मा ने बताया कि नगर निगम के इस कदम का उद्देश्य पावन नवरात्र के दौरान धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना और शहर में सात्विक वातावरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि चौत्र नवरात्र हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र और आध्यात्मिक ऊर्जा के संचय का पर्व माना जाता है। इन नौ दिनों के दौरान श्रद्धालु व्रत-उपवास रखकर शक्ति की उपासना करते हैं। जनमानस की इसी अटूट आस्था को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन ने तय किया है कि शहर की सीमा के भीतर किसी भी प्रकार के कच्चे अथवा पके हुए मांस का विक्रय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्व की गरिमा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।महापौर ने इस संबंध में स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि प्रतिबंधित अवधि के बीच कोई भी प्रतिष्ठान स्वामी या दुकानदार मांस बेचते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आदेश का उल्लंघन करने वाले संचालकों पर न केवल जुर्माना लगाया जाएगा, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर उनके ट्रेड लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है। निगम की प्रवर्तन टीमें इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर गश्त कर आदेशों का पालन सुनिश्चित कराएंगी।यह प्रतिबंध केवल मीट की दुकानों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उन सभी भोजनालयों और रेस्टोरेंट पर भी लागू होगा जहाँ मांसाहारी व्यंजन तैयार किए जाते हैं। महापौर ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों पर मांस के प्रदर्शन और विक्रय से श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत न हों, इसके लिए सभी संचालकों को स्वेच्छा से सहयोग करने की अपील की गई है।






# शोभा यात्रा के साथ पावन ज्योति लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत







रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी पावन नवरात्र पर्व पर मां ज्वाला देवी मंदिर से मां की पावन ज्योति के स्वरूप के साथ बुधवार की सायं वापस लौटे श्रद्धालुओं का सैकड़ों की संख्या में भक्तजनों द्वारा पुष्प वर्षा व मां के जयघोषों के साथ शोभा यात्रा के रूप में भव्य स्वागत किया गया। मां की पावन ज्योति के यहां बाटा चौक पहुंचते ही सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए उमड़ पड़े। जिसके बाद पावन ज्योति को शोभा यात्रा के साथ श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर ले जाया गया। इस मौके पर स्वागत करने वालों में विधायक शिव अरोरा, किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, मेयर विकास शर्मा, महेश बब्बर, ओमप्रकाश अरोरा, नन्दलाल भुड्डी, गौरव बेहड़, विजय जग्गा, तिलक घई, शशि अरोरा, आकांशा अनेजा, वेद ठुकराल, आनन्द कुमार, राकेश सुखीजा, राकेश राजदेव, सुरेश राजदेव, विजय विरमानी, बीना बत्रा, ललिता कक्कड़, वेद प्रकाश कक्कड़, अश्वनी दुनेजा, कर्मचन्द्र राजदेव आदि श्रद्धालुओं सहित श्री सनातन धर्म सभा रूद्रपुर, महिला सत्संग मंडली, श्री सनातन युवा मंच व महावीर दल के समस्त पदाधिकारी तथा सदस्य मौजूद थे। श्री सनातन धर्म सभा, रूद्रपुर के अध्यक्ष महेश बब्बर ने बताया कि पावन ज्योति के स्वरूप को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में वैदिक मंत्रों व विधि विधान से स्थापित किया गया है। साथ ही मंदिर को भी फूल मालाओं व रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया है। आज 19 मार्च से प्रारम्भ हुए पावन नवरात्र में सभी भक्त मंदिर में पावन ज्योति के दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नवरात्र पर्व पर दिन में मंदिर में श्री राम कथा सहित महिलाओं द्वारा माता के भजन कीर्तन के साथ ही रोजाना 24 मार्च तक रात्रि में मां की चौकी का आयोजन भी किया जायेगा और 25 मार्च को मां का विशाल जागरण आयोजित होगा। उन्होंने सभी भक्तों से नवरात्र पर्व में परिवार सहित मंदिर में आकर मां की पावन ज्योति के दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त करने का आहवान किया है। गौरतलब हो कि विजय विरमानी व राकेश सुखीजा की अगुवाई में 12 मार्च को श्रद्धालु पावन ज्योति लेने के लिए श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सवाना हुए थे। जिसके बाद श्रद्धालु मां नयना देवी, मां वैष्णों देवी, मां चिन्तपूर्णी देवी, मां कांगड़ा देवी एवं मां चामुंडा देवी के दर्शन करते हुए मां ज्वाला देवी मंदिर से पावन ज्योति के स्वरूप को लेकर कल बुधवार को यहां पहुंचे थे।

# नकली किताबों की जांच के लिए एसआईटी गठित

## दस करोड़ की एनसीईआरटी किताबों के मामले की तह तक जाएगी विशेष जांच टीम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊधमसिंहनगर जनपद में अवैध कारोबार और माफियाओं के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्र के अंतर्गत पकड़ी गई करीब 10 करोड़ रुपये की एनसीईआरटी की नकली किताबों के मामले की गहन जांच हेतु एसएसपी द्वारा 10 सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया गया है। इस कार्रवाई से शिक्षा के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह में हड़कंप मच गया है।मामले की गंभीरता और इसके नेटवर्क की गहराई को देखते हुए एसएसपी अजय गणपति ने स्वयं संज्ञान लेकर इस विशेष टीम को नियुक्त किया है। यह एसआईटी पुलिस अधीक्षक अपराध एवं यातायात जितेंद्र चौधरी के निकट पर्यवेक्षण में कार्य करेगी। एसएसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस बड़े घोटाले का सफल और विधि सम्मत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और



विवेचना की हर प्रगति से उन्हें तत्काल अवगत कराया जाए। जांच टीम का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी सदर प्रशांत कुमार को सौंपा गया है। टीम में अनुभवी अधिकारियों को शामिल किया गया है जिसमें प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी (विवेचक), एसओजी प्रभारी उमेश कुमार, उपनिरीक्षक चंदन सिंह बिष्ट, उपनिरीक्षक प्रियांशु जोशी और सर्विलांस सेल के विशेषज्ञ शामिल हैं। इसके साथ ही कोतवाली रुद्रपुर के चुनिंदा कांस्टेबलों को भी टीम का हिस्सा बनाया गया है ताकि साक्ष्यों के संकलन और दबिश की प्रक्रिया को तेज किया जा सके।गौरतलब है कि बीते 14 मार्च 2026 को रुद्रपुर पुलिस ने एक गोदाम पर छापा मारकर 10 करोड़ रुपये की भारी मात्रा में नकली एनसीईआरटी किताबें और किताबों से भरा एक ट्रक बरामद किया था। इस संबंध में कोतवाली रुद्रपुर में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं और कॉपीराइट अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत है। अब नवगठित एसआईटी की प्राथमिकता इस अवैध कारोबार के पीछे छिपे मुख्य चेहरों और अंतर्राज्यीय नेटवर्क का पर्दाफाश करना होगी। एसएसपी अजय गणपति ने स्पष्ट संदेश दिया है कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

गदरपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर के निर्देश पर संदिग्ध व्यक्तियों व अवैध शस्त्र रखने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक अपराध/काशीपुर व क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक गदरपुर के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने 17 मार्च 2026 की रात्रि मुखबिर की सूचना पर सरदार नगर फ्लाईओवर के पास से मनोज कुमार (37 वर्ष) पुत्र जनक प्रसाद, निवासी ग्राम आर्यनगर, कोतवाली व तहसील गदरपुर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके



कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।पुलिस ने आरोपी को धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है तथा उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक, उपनिरीक्षक विजय कुमार (प्रभारी चौकी सकैनिया), हेड कांस्टेबल चैतन्य सुयाल, कांस्टेबल राजेंद्र बिष्ट, मोहन भट्ट व जीवन फुलेरा आदि शामिल रहे।

# किच्छा पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

किच्छा। कोतवाली पुलिस द्वारा वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने न्यायालय के आदेश पर तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में किच्छा पुलिस द्वारा लगातार सत्यापन अभियान एवं वारंटियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। उप निरीक्षक जयप्रकाश चंद, उपनिरीक्षक दीपक जोशी, पुलिसकर्मी हरेंद्र धामी, पुलिसकर्मी



भागवत परिहार की टीम ने न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में वार्ड नंबर 6, गल्ला मंडी, किच्छा निवासीगण सनी सिंह, दीपक सिंह एवं राजू सिंह को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय द्वारा आरोपियों के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। पुलिस के अनुसार अभियान आगे भी जारी रहेगा। फिलहाल पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# *अवैध हथियारों के विरुद्ध पुलिस का महा अभियान: 6 दिन में 19 मुकदमे दर्ज कर 21 अभियुक्तों को सलाखों के पीछे भेजा*

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊधमसिंहनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशानुसार जनपद में अवैध शस्त्रों की तस्करी और सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन के खिलाफ चलाए जा रहे 15 दिवसीय विशेष अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अभियान के शुरुआती 6 दिनों के भीतर ही पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए 19 मुकदमे दर्ज कर 21 अभियुक्तों को सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस की इस सख्त घेराबंदी से अपराधियों और अवैध असलहा रखने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।एसएसपी अजय गणपति द्वारा दिनांक 12 मार्च 2026 से शुरू किए गए इस अभियान के तहत 17 मार्च तक जनपद के विभिन्न थानों ने सराहनीय कार्य किया है। पुलिस टीमों ने अब तक कुल 31 अवैध तमंचे, 1 पिस्टल, 65 जिंदा कारतूस और 3 खोखा कारतूस बरामद



किए हैं। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान अवैध शस्त्रों की बरामदगी के साथ-साथ उन लोगों पर भी कड़ी नजर रखने के लिए है जो सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो या वीडियो डालकर दहशत फैलाने या हवाई फायरिंग करने का प्रयास करते हैं।जनपद भर में हुई कार्यवाही के विवरण के अनुसार ट्रांजिट कैंप पुलिस ने सबसे बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए 3 मुकदमों में 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 तमंचे, एक पिस्टल और 30 कारतूस बरामद किए हैं। वहीं रूद्रपुर कोतवाली पुलिस ने 2 मुकदमों में 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 6 तमंचे और 21 कारतूस बरामद किए। इसके अतिरिक्त जसपुर, कुंडा, काशीपुर, आईटीआई, बाजपुर, केलाखेड़ा, गदरपुर, दिनेशपुर, पंतनगर, किच्छा, सितारगंज और खटीमा कोतवाली पुलिस ने भी एक-एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं।एसएसपी अजय गणपति ने जनपद की जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के अवैध शस्त्रों का प्रयोग न करें और सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन जैसी गैर-कानूनी गतिविधियों से बचें। उन्होंने कहा कि ऐसी किसी भी घटना की सूचना तत्काल नजदीकी थाने या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस प्रशासन ने चेतावनी दी है कि नशे और हथियारों के अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उनके विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।